CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 5:53 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 6:59 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 206 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 7 फरवरी 2026

सुनील शेट्टी ने भारत-पाकिस्तान टी20...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### डीएम ने किया आरटीओ कार्यालय में औचक निरीक्षण

**हल्द्वानी।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल शनिवार को एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने हल्द्वानी स्थित संभागीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में औचक निरीक्षण किया, जिससे कार्यालय में अफरा-तफरी मच गई। निरीक्षण के दौरान डीएम ने आरटीओ कार्यालय के सभी अनुभागों और पटलों का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने कर्मचारियों को नेम प्लेट और पहचान पत्र अनिवार्य रूप से पहनने के निर्देश दिए तथा किसी भी प्रकार की फाइल पेंडेंसी न रखने को कहा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि लाइसेंस या वाहन पंजीकरण के नाम पर यदि कोई बाहरी व्यक्ति हस्तक्षेप करता है, तो उसे तत्काल कार्यालय परिसर से बाहर किया जाए और उसके खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा, डीएम ने कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों और रिकॉर्डिंग सिस्टम को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए, ताकि कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बनी रहे। इस दौरान आरटीओ हल्द्वानी गुरदेव सिंह सहित परिवहन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मदिरा दुकानों तथा हल्द्वानी में संचालित एफ.एल-2 अनुज्ञापनों का निरीक्षण

**हल्द्वानी।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आबकारी विभाग की टीम द्वारा नियमित प्रवर्तन एवं गुणवत्ता नियंत्रण अभियान के अंतर्गत विभिन्न मदिरा दुकानों तथा हल्द्वानी में संचालित एफ.एल-2 अनुज्ञापनों का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान विभिन्न मदिरा ब्रांड की उपलब्धता, भंडारण व्यवस्था, स्टॉक अभिलेखों एवं बिक्री प्रक्रिया की जांच की गई। गुणवत्ता परीक्षण सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से विभिन्न मदिरा ब्रांड्स के नमूने (सैंपल) विधिवत रूप से लेकर प्रयोगशाला परीक्षण हेतु भेजे गए। सम्पूर्ण निरीक्षण कार्यवाही आबकारी अधिनियम एवं विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न की गई। आबकारी विभाग द्वारा आगे भी इस प्रकार की निरीक्षण एवं प्रवर्तन कार्यवाही निरंतर जारी रखी जाएगी।

# फरवरी में ही तेवर दिखा रहा पारा, दो दिन बाद बारिश-बर्फबारी के आसार

देहरादून
हमारे संवाददाता



उत्तराखंड में लंबे इंतजार के बाद गत जनवरी में बारिश-बर्फबारी हुई तो सूखी ठंड से राहत मिली। साथ ही लोगों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली थी लेकिन अब फरवरी के शुरुआत में ही मैदानी क्षेत्रों में तापमान बढ़ने लगा है। हालांकि सुबह-शाम अभी भी ठंड है। आंकड़ों पर नजर डालें तो शुक्रवार को दून का अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री अधिक 25.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। इसके चलते दिन के समय थोड़ी देर धूप में रहने से गर्मी का अहसास हुआ। ऐसा ही हाल प्रदेश के अन्य इलाकों का भी रहा। आलम यह रहा कि अभी तक सामान्य से नीचे रहने वाला न्यूनतम तापमान भी सामान्य के आंकड़े पर दर्ज किया गया। मौसम के जानकारों का कहना है कि इतना तापमान फरवरी के आखिरी सप्ताह या फिर 20 दिन गुजरने के बाद देखने को मिलता था। उधर, मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिनों में होने वाली बारिश-बर्फबारी का असर तापमान पर बहुत कम देखने को मिलेगा। खासकर चटक धूप का असर मैदानी इलाकों में ज्यादा रहेगा। शनिवार के मौसम की बात करें तो हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ हिस्सों में सुबह के समय कोहरा छाने से ठंड परेशान कर सकती है। हालांकि अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। आने वाले दिनों की बात करें तो नौ से 11 फरवरी तक प्रदेश के पर्वतीय इलाकों में हल्की बारिश व बर्फबारी होने की संभावना है। प्रदेश के तीन हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की ज्यादा आसार हैं।

भारत के दवा, विमान के पुर्जों और आभूषण सेक्टर को बड़ी राहत

# राहतः अमेरिका से 45 लाख करोड़ की हुई ट्रेड डील

नई दिल्ली
एजेंसी

भारत-अमेरिका के बीच हुई 500 अरब डॉलर की ट्रेड से भारत को दवा, विमान के पुर्जों और जेम्स-ज्वैलरी क्षेत्र में बड़ा फायदा मिलने की उम्मीद है। आइए आसान भाषा में समझें अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की पूरी डिटेल।

भारत और अमेरिका के बीच 500 अरब डॉलर ( करीब 45,29,069.80 रुपये) के व्यापार समझौते के लिए एक अंतरिम ढांचे पर सहमति बन गई है। यह समझौता न केवल दोनों देशों के आर्थिक रिश्तों में एक नया अध्याय है, बल्कि भारतीय निर्यातकों के लिए अमेरिकी बाजार में पैठ बढ़ाने का एक बड़ा मौका भी है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना और भविष्य के व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते की नींव रखना है।



विमानन क्षेत्र में, अमेरिका उन विमानों और उनके पुर्जों से टैरिफ हटा देगा जिन पर पहले एल्युमीनियम, स्टील और तांबे के आयात से जुड़े राष्ट्रीय सुरक्षा उपायों के तहत शुल्क लगता था। वहीं, ऑटो सेक्टर के लिए, भारत को %प्रेफरेंशियल टैरिफ रेट कोटा% का लाभ मिलेगा।

इसका सीधा अर्थ है कि भारतीय ऑटो पार्ट निर्माताओं को अमेरिकी बाजार में अन्य गैर-प्राथमिकता वाले आपूर्तिकर्ताओं की तुलना में शुल्क में रियायत मिलेगी, जो उन्हें एक प्रतिस्पर्धी बढ़त दिलाएगा। जेनेरिक दवाओं और फार्मास्युटिकल सामग्री (एपीआइ) को इस ढांचे में शामिल किया गया है, जो भारतीय दवा निर्माताओं के लिए राहत की बात है। हालांकि, यह धारा 232 (स्द्रफ्ह्वश्ठ 232) के तहत अमेरिकी जांच के निष्कर्षों के अधीन होगा। इसके बावजूद, समझौते का उद्देश्य भारतीय दवा कंपनियों के लिए बाजार के रास्ते खुले रखना है, जो अमेरिका में सस्ती दवाओं की आपूर्ति में बड़ी भूमिका निभाते हैं।

# अपने गांव में सुबह भ्रमण पर निकले सीएम योगी आदित्यानाथ

देहरादून
हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पौड़ी गढ़वाल के यमकेश्वर में इंटर कॉलेज में नई बनी स्कूल बिल्डिंग के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेने पहुंचे। इससे पहले सीएम योगी सुबह अपने गांव में भ्रमण पर निकले। इस दौरान बच्चों ने उनकी गीत गाकर स्वागत किया।

यूपी के सीएम योगी आदित्य नाथ ने जनता इंटर कॉलेज यमकेश्वर के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपराह्न करीब सवा तीन बजे यमकेश्वर स्थित हेलिपैड पर पहुंचे। यहां जन प्रतिनिधियों ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। उसके बाद योगी आदित्यनाथ हेलिपैड से कुछ ही दूरी पर स्थित यमकेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे। मंदिर में करीब 10 मिनट तक पूजा-अर्चना की। योगी आदित्यनाथ उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी के साथ दोपहर 3:34 बजे जनता इंटर कॉलेज यमकेश्वर पहुंचे और नवनिर्मित विद्यालय भवन का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भव्य भवन उपलब्ध हुआ है। एक माह बाद छात्र-छात्राओं के लिए फर्नीचर सहित अन्य सभी मूलभूत जरूरतें पूरी की जाएंगी। सीएम योगी ने कल यही अपने गांव में प्रवास किया और आज शनिवार सुबह वह गांव भ्रमण पर निकले।



# अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में विकास परियोजनाओं की समीक्षा

जम्मू
एजेंसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अपने तीन दिवसीय दौरे के अंतिम दिन शनिवार को जम्मू-कश्मीर में विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा। लोकभवन में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने केंद्र शासित प्रदेश में बुनियादी ढांचे के विकास और प्रमुख योजनाओं के कार्यान्वयन की प्रगित जानी। अधिकारियों के मुताबिक, बैठक में जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, जम्मू कश्मीर के मुख्य सचिव अटल डुल्लू और डीजीपी नलिन प्रभात समेत दूसरे लोग शामिल हुए।



# सीएम धामी का टनकपुर दौरा, शारदा कॉरिडोर के शिलान्यास समारोह में लिया हिस्सा

टनकपुर
हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चंपावत के टनकपुर में शारदा घाट पर शारदा कॉरिडोर के शिलान्यास समारोह और माघ खिचड़ी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। टनकपुर में सीएम धामी ने बूम में 954.46 लाख और 30975.89 लाख की योजनाओं का लोकार्पण किया।

इसमें प्रथम चरण में शारदा घाट पर 107 करोड़ के कार्य होंगे, इसमें 500 मीटर लंबा घाट, फ्लड रोकने के लिए सुरक्षा दीवार, गेट, पैदल मार्ग, चेंजिंग रूम, यात्री विश्राम शेड, लाइटिंग, कर्म हरि पाठशाला, आध्यात्मिक जोन से आदि कार्य भी शामिल हैं।

सीएम ने कहा कि शारदा घाट के 200 वर्ग किमी के दायरे को धार्मिक, पर्यटन की दृष्टि से विकसित होगा।



उन्होंने कहा कि चंपावत के जनता से जो वादा उन्होंने किया था वह जल्द पूरा होगा। सीएम ने कहा कि मदरसा बोर्ड भी खत्म होगा। अल्पसंख्यक स्कूलों में गुरुवाणी गूंजेगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में कुछ भी होता है उसका हो हल्ला जगह-जगह होता है। कोटद्वार की घटना का जिक्र करते हुए राहुल गांधी पर निशाना साधा। अपने भाषण के माध्यम से सीएम ने 2027 विधानसभा चुनाव का बिगुल फूंका। उन्होंने कई बार कांग्रेस पर निशाना साधा।

# जनपद स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता का आगाज




**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय नव प्रवर्तन संस्थान के तत्वावधान में तथा राज्य स्तर पर एससीईआरटी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों में वैज्ञानिक संचेतना के विकास हेतु संचालित फ्लैगशिप परियोजना के रूप में इंस्पायर अवार्ड कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है।

इंस्पायर अवार्ड कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय जनपद स्तरीय प्रदर्शनी एवं परियोजना प्रतियोगिता का आयोजन जनपदीय नोडल अधिकारी एवं मुखय शिक्षा अधिकारी गोविंद राम जायसवाल के निर्देशानुसार पीएमश्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज हल्दूचौड़ में किया जा रहा है। प्रतियोगिता के पहले दिन नैनीताल जिले के धारी, रामगढ़, ओखलकांडा, बेतालघाट एवं भीमताल के 47 बाल वैज्ञानिकों ने अपने नवाचार प्रस्तुत किये। इंस्पायर प्रदर्शनी में नेशनल इनोवेशन फ उंडेशन के नोएडा केंद्र से पर्यवेक्षक के रूप में आए सुनील कुमार के नेतृत्व में निर्णायक के रूप में सुरेश चंद्र ओझा एवं डॉ सचिन पाठक द्वारा योगदान दिया जा रहा है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक प्रधानाचार्य गणपत सिंह सेंगर के नेतृत्व में भुवन चंद्र मठपाल, डॉ दिनेश जोशी, सीमा जोशी तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालक आवासीय छात्रावास के स्टाफ सदस्य कैलाश चंद्र सिंह, मोती सिंह तथा मोनिका नेगी सहित स्काउट गाइड एवं रेड क्रॉस के स्वयंसेवकों द्वारा योगदान दिया जा रहा है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए इंस्पायर अवार्ड के जिला समन्वयक डॉ. हिमांशु पांडे ने बताया कि प्रदर्शनी में प्रतिभाग लेने वाले प्रत्येक बाल वैज्ञानिक को अपने प्रोजेकट निर्माण हेतु 10 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। इस वर्ष रिकॉर्ड रूप से नैनीताल जनपद के 174 बच्चों को चयनित किया गया है एवं प्रत्येक को 10 हजार रूपये दिए जायेंगे। जनपद स्तर से चयनित बच्चे राज्य स्तर पर अपने प्रोजेकट प्रस्तुत करेंगे।



# पौधारोपण अभियान से जुड्ना प्रकृति की सच्ची सेवा:खड़ायत

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान शुक्रवार को 571वें दिन भी जारी रहा।

पौधारोपण अभियान के 571वें दिन पौधारोपण को यज्ञोपवीत संस्कार से जोड़ते हुए डीडीहाट के भूमियाथल निवासी व राजकीय इंटर कॉलेज डीडीहाट में कार्यरत डिगर सिंह खडायत व चंपा खडायत के पुत्र भूपेश के यज्ञोपवीत संस्कार पर भूमियाथल में उनके आवास परिसर में पौधारोपण किया गया। डिगर सिंह खड़ायत ने कहा कि पौधारोपण अभियान से जुड्ना प्रकृति की सच्ची सेवा है और खुशी के अवसर पर पौधारोपण करने का सौभाग्य मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से सभी को जुड्ना चाहिए । कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप कन्याल, भगत सिंह खडायत तथा नवीन सिंह खड़ायत उपस्थित रहे। दिनेश गुरु रानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

# नैनीताल बैंक द्वारा प्रायोजित अल्मोड़ा बैडमिंटन कप का हुआ सफ ल समापन

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

जिला बैडमिंटन संघ अल्मोड़ा के तत्वावधान में आयोजित एवं नैनीताल बैंक द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय अल्मोड़ा बैडमिंटन कप का सफलतापूर्वक समापन हो गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें सकारात्मक दिशा प्रदान करना रहा। समापन समारोह के मुखय अतिथि नैनीताल बैंक के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार लाल रहे, जिन्होंने विभिन्न आयु वर्गों के विजेता खिलाडि?ों को पुरस्कार वितरित किए। प्रतियोगिता में अंडर 13 से लेकर वरिष्ठ वर्ग तक लगभग 140 से अधिक खिलाडि?ों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस अवसर पर सुशील कुमार लाल ने कहा कि नैनीताल बैंक सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के प्रति सदैव प्रतिबद्ध रहा है। बैंक युवाओं की प्रतिभा को निखारने तथा खेलों को प्रोत्साहन देने तथा समाज के समग्र विकास हेतु निरंतर प्रयासरत है और भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों को सहयोग प्रदान करता रहेगा। कार्यक्रम में नैनीताल बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक राहुल प्रधान समेत मोहमद मोहसिन इस्लाम, दिग्मबर सिंह कठौत तथा जिला बैडमिंटन संघए अल्मोड़ा की ओर से संरक्षक राम अवतार,अध्यक्ष सुरेश कर्नाटक ,सचिव डॉ. संतोष बिष्ट, उपाध्यक्ष राकेश, उपाध्यक्ष (प्रशासनिक) गोकुल मेहता ,उपसचिव संजय बजाज ,कोषाध्यक्ष नन्दन सिंह रावत तथा सलाहकार डॉ. एस.एस. फ र्त्याल तथा मीडिया प्रभारी डी. के. जोशी उपस्थित रहे इसके अतिरिक नैनीताल बैंक के अधिकारीगण भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।




## NEWS / फटाफट

### अंतर राज्य युवा आदान प्रदान कार्यक्रम नैनीताल में 9 से: डॉल्वी तेवतिया



**नैनीताल** । मेरा युवा भारत नैनीताल की उप निदेशक डॉल्वी तेवतिया ने बताया कि मेरा युवा भारत नैनीताल (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार)की ओर से एक भारत -श्रेष्ठ भारत पहल के तहत अंतर -राज्य युवा आदान प्रदान कार्यक्रम का आयोजन 9 से लेकर 13 फरवरी तक हर्मिटेज, यूजीसी-एमएमटीटीसी, कुमाऊं विवि नैनीताल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके तहत बिहार राज्य से 37 युवा प्रतिभागी नैनीताल भ्रमण पर आ रहे हैं,कार्यक्रम के उद्देश्य,गतिविधियों व महत्व के बारे में शनिवार (आज) मेरा युवा भारत नैनीताल के कार्यालय में पत्रकार वार्ता भी आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 9 फरवरी (सोमवार) को दोपहर 12 बजे से कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाएगा जिसके तैयारियां प्राथमिकता से शुरु कर दी गयी हैं।

### रात्रि गश्त कर पुलिस नैनीताल में अराजक तत्वों पर रख रही नजर

**नैनीताल।** नैनीताल में बीते दिनों कई स्थानों पर मारपीट और अराजकता के मामलों के बाद पुलिस एकाएक एकटिव मोड में आ गयी है। पुलिस गश्त के दौरान विशेष रूप से नशेड़ियों और तेज गति में भागने वाले दोपहिंया वाहन सवारों पर नजर रख रही है। बता दें कि नैनीताल में देर रात मॉलरोड, पंतपार्क, आयारपाटा,डीएसबी परिसर रोड, तल्लीताल, मोहनको चौराहा तथा रूकुट क्षेत्र व सूखाताल में आए दिन रात को लोगों के विवाद होते हैं। जिससे शहर के लोग परेशान रहते हैं। लोगों की कई बार की शिकायतों के बाद पुलिस ने अब इन क्षेत्रों में गश्त शुरू कर दी है। ताकि देर रात शहर में शांति बनी रहे और लोग सुकून की नींद सो सकें। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि मल्लीताल के विभिन्न क्षेत्रों में इन दिनों पुलिस गश्त कर रही है। गश्त के दौरान नशेडियों और सड़क पर तेज गति से बाइक दौड़ाने वालों पर पुलिस विशेष नजर रख रही है साथ ही नशेडियों और अराजक तत्वों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### नैनीताल में इन दिनों फिर बढ़ा कुत्तों का आतंक

**नैनीताल** । नैनीताल में एक बार फि र से कुत्तों का आतंक बढ़ गया है। प्रतिमाह कुत्तों के काटने के बाद लगभग 150 मरीज एंटी रेबिज लगाने अस्पताल पहुंच रहे हैं। बता दें कि नैनीताल में कुत्तों से लोगों की सुरक्षा के लिए अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। जिसके चलते प्रतिमाह 150 लोगों को आवारा व पालतू कुत्ते काट कर जखमी कर रहे हैं। राजकीय बी.डी.पांडे जिला अस्पताल के पीएमएस डॉ. तरुण कुमार टम्टा ने बताया कि जिला अस्पताल के आंकडों के हिसाब से रोजाना पांच से छह लोग कुत्तों के काटने का शिकार हो रहे हैं। बताया कि वर्ष 2025 में कुल 1912 मरीज बीडी पांडे अस्पताल में उपचार को पहुंचे थे। बताया कि इस वर्ष जनवरी से फ रवरी अब तक 250 लोग कुत्तों के काटने के बाद उपचार के लिए पहुंचे हैं जिनको एंटी रेबिज लगाई जा रही है।

### नैनीताल के युवा व्यवसायी गब्बर भाई का निधन



**नैनीताल** । नगर के युवा व्यवसायी अजय सिंह उर्फ गब्बर भाई (45) का निधन हो गया। वह अपने पीछे पत्नी समेत दो बच्चों समेत भाईयों व बहिनों को रोता बिलखता छोड़ गए हैं। उनके निधन का समाचार सुनते ही नैनीताल में शोक की लहर छा गयी। बता दें गबबर भाई अपने भतीजे की शादी में मेरठ (उत्तर प्रदेश) गए थे जहां उनका बीति रात्रि में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को मेरठ में कर दिया गया है। गबबर बेहद मृदुभाषी और व्यवहार कुशल व्यक्तित्व के धनी थे। वह मल्लीताल पालिका के नजदीक रेस्टोरेंट चलाते थे। उनके निधन की खबर मिलते ही उनके मित्रजनों व संबंधियों में शोक छा गया। उनके आकस्मिक निधन से हर कोई क्षबध नजर आया। नैनीताल के व्यापारियों,पत्रकारों समेत विभिन्न संगठनों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# महिला संवाद विकसित भारत बजट 2026-27 कार्यक्रम का आयोजन

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती रूचि भट्ट के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष कंचन उप्रेती की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा, जिला नैनीताल द्वारा महिला संवाद विकसित भारत बजट 2026-27 कार्यक्रम का आयोजन संभाग कार्यालय हल्द्वानी में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश महामंत्री रश्मी रस्तोगी जी के माध्यम से महिलाओं को केंद्रीय बजट 2026-27 के प्रमुख बिंदुओं की जानकारी दी गई तथा यह बताया गया कि यह बजट महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण,स्वरोज़गार के अवसरों के विस्तार, स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहन, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा, तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम मे जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा धर्मवाल, प्रदेश मंत्री विजयालक्ष्मी ,महिला मोर्चा के प्रभारी नवीन भट्ट, ,प्रदेश सह सोशलमीडिया स्तुति तिवारी, कुमाऊं सहसंयोजक अलका जीना,शांति भट्ट, सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष, महिला एवं सभी जेष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। मंच का कुशल संचालन पूनम जोशी एवं राशी जैन के द्वारा किया गया



# भाजपा कार्यकर्ताओं ने की भवाली के पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने की मांग

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के तहत भवाली की नाबालिग पीड़िता की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग को लेकर शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ता कोतवाली पहुंचे, जहां उन्होंने पुलिस प्रशासन से पीड़िता की सुरक्षा पुखता करने की मांग की।

इस दौरान भाजपा की निवर्तमान प्रदेश महामंत्री भावना मेहरा ने दो टूक कहा कि पीड़िता नाबालिग है और साधारण परिवार से आती है माता-पिता की कमजोर सामाजिक पृष्ठभूमि का फ ायदा उठाकर कुछ अवांछित तत्व उस पर नाजायज दबाव बना सकते हैं जिसके लिए पीड़ित व परिवार की सुरक्षा बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता भी दिलाई जाएगी व भाजपा परिवार पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है। इस दौरान हिंदूवादी नेता कमल मुनि ने पुलिस से क्षेत्र में तत्काल सघन सत्यापन अभियान चलाने की मांग करते हुए कहा कि बाहरी तत्वों को चिन्हित कर कार्यवाही करना जरूरी है जिससे इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। अधिवक्ता व भाजपा नेता शिवांशु जोशी ने कहा कि मामले को फ ास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाया जाए ताकि दोषियों को जल्द सजा मिले। उन्होंने पीड़ित परिवार को शीघ्र आर्थिक सहायता दिलाने व मामले में एससी एसटी की धारा बढ़ाने की बात कही, वहीं भाजपा नेता आशुतोष चंदोला ने दोषियों पर सखत कानूनी कार्रवाई की मांग की। वार्ता के दौरान भाजपाईयों को पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले में शुक्रवार को पीड़िता के न्यायालय में बयान हुए हैं। पीड़िता व परिवार को सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी साथ ही अलग अलग टीमों के माध्यम से क्षेत्र में सघन सत्यापन अभियान शुरू कर दिया गया है।



# अभिमत

## नियम में खामी

*आधार कार्ड, राशन कार्ड, सरकारी विभाग अथवा निजी संस्थान में कार्य करने का प्रमाण, पेंशन के कागजात, निजी आवास होने पर भी दो दशक से अधिक पुरानी मतदाता सूची में नाम होने का प्रमाण देना पड़ रहा है। परिस्थितियों के कारण शहर-शहर भटकना पड़ता है। एक ही शहर में किराये के मकान बदलने पड़ते हैं। ऐसी हालत में वर्षों पुरानी मतदाता सूची की बाध्यता नहीं होनी चाहिए। हर वार्ड की सूची नये सिरे से बनाई जाये। बीएलओ घर-घर कभी नहीं जाते थे और अब भी नहीं जा रहे हैं।*

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का अनुसरण दुनिया के कुछ अन्य लोकतांत्रिक देश भी करेंगे। लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में मतदाता सूची के शुद्धिकरण पर प्रतिबद्धता प्रकट की गई। मतदाता सूची का पुनरीक्षण हर चुनाव से पहले होता रहा है। नये वयस्क मतदाता सूची में शामिल किये जा रहे हैं। निर्वाचन आयोग के इस कार्य से कभी किसी को आपत्ति नहीं हुई है। दरअसल विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत पीढ़ियों से भारत में रहने वालों को अपनी नागरिकता और वैधता साबित करने के नियम से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आधार कार्ड, राशन कार्ड, सरकारी विभाग अथवा निजी संस्थान में कार्य करने का प्रमाण, पेंशन के कागजात, निजी आवास होने पर भी दो दशक से अधिक पुरानी मतदाता सूची में नाम होने का प्रमाण देना पड़ रहा है। परिस्थितियों के कारण शहर-शहर भटकना पड़ता है। एक ही शहर में किराये के मकान बदलने पड़ते हैं। ऐसी हालत में वर्षों पुरानी मतदाता सूची की बाध्यता नहीं होनी चाहिए। हर वार्ड की सूची नये सिरे से बनाई जाये। बीएलओ घर-घर कभी नहीं जाते थे और अब भी नहीं जा रहे हैं। सरकार के पास अधिकारियों व कर्मचारियों की कमी नहीं है। जिस तरह टीएन शेषन ने तहसील में मतदाता पहचान पत्र बनवाये थे, उसी तरह मतदाता पहचान पत्र बनाकर सूची में नाम दर्ज होना चाहिए। एक स्थान निश्चित होने पर वैध व्यक्ति आसानी से स्वयं पहुंच जायेगा। इस संदर्भ में यह उल्लेख करना प्रासंगिक होगा कि स्वतंत्रता के बाद दशकों तक भारत की नागरिकता का कोई प्रमाण नहीं था। तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन शेषन मतदाता पहचान पत्र बनवाकर एक तरह से भारत की नागरिकता दी। टीएन शेषन को न्यायालय में घसीटा गया। शीर्ष अदालत ने शेषन का पक्ष लिया, तब मतदाता पहचान पत्र बने। बिना मतदाता पहचान पत्र के मतदान नहीं किया जा सकता था। सरकार ने मतदाता पहचान पत्र की जगह करीब डेढ़ दर्जन प्रमाण की छूट देकर शेषन के कार्य को निष्प्रभावी कर दिया है। इसी लिए अब एसआईआर में परेशानी हो रही है। हर चुनाव से पहले नये मतदाता के लिए निश्चित स्थान पर जाकर पहचान पत्र बनवाने और सूची में नाम दर्ज कराने का कार्य किया जाये। जिससे सूची संशोधित हो जायेगी। मृत मतदाता के बारे में बीएलओ की रिपोर्ट ली जानी चाहिए। मतदाता पहचान पत्र के अतिरिक्ति अन्य आईडी से मतदान का नियम खत्म होना चाहिए।

# साइबर अपराध में दो सगे भाइयों को सजा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, नैनीताल की अदालत ने एक बहुचर्चित आपराधिक धोखाधड़ी, आपराधिक धमकी, महिला की गरिमा भंग करने और साइबर अपराध से जुड़े आरोपों में हल्द्वानी के दो सगे भाइयों गौरव गुप्ता व सौरभ गुप्ता को 7-7 वर्ष के कठोर कारावास 85-85 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है ।

इसी मामले से जुड़े अन्य आरोपी शत्रुघन पांडे निवासी गौजाजाली को पीड़ित महिला के प्रति सोशल मीडिया में अश्लील चैटिंग करने व उनके निजी फोटो वायरल करने के जुर्म में 3 साल की सजा व आई टी एक्ट में डे? लाख का जुर्माना, ललित मोहन पांडे (आवास विकास भोटिया पड़ाव),लीलाधर उर्फ लीला कांडपाल (काठगोदाम) व मुकेश भट्ट (भोटिया पड़ाव) को 3 साल की सजा व 10-10 हजार के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। यह मामला राज्य बनाम गौरव गुप्ता व अन्य के रूप में पंजीकृत था, जिसकी सुनवाई वर्ष 2019 से लंबित थी।



प्रकरण के अनुसार, शिकायतकर्ता महिला गौरी द्वारा आरोप लगाया गया था कि अभियुक्तों गौरव गुप्ता व सौरभ गुप्ता निवासी त्रिलोक नगर दो नहरिया हल्द्वानी ने मकान विक्रय का झांसा देकर उससे 35 लाख रुपये लिये । किंतु बाद में न तो बैनामा किया गया और न ही धनराशि वापस की गई। करीब 30 लाख की राशि चैक द्वारा दी तो वे चैक बाउंस हो गए ।

शिकायतकर्ता के अनुसार, जब उसने पैसे की मांग की तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया।

मामले में यह भी आरोप सामने आए कि आरोपियों ने शत्रुघ्न पांडे की मदद से याची की निजी बातचीत की रिकॉर्डिंग एवं आपत्तिजनक सामग्री को सोशल मीडिया और व्हाट्सएप समूहों में प्रसारित कर शिकायतकर्ता की सामाजिक छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया। इस संबंध में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य भी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए गए।

पुलिस विवेचना के उपरांत, अभियुक्तों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी), 506 (आपराधिक धमकी), 509 (महिला की लज्जा भंग) तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धाराएं 66बी और 67 के अंतर्गत आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया, जिस पर संज्ञान लेते हुए नियमित सुनवाई की गई।

सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से पीड़िता सहित कुल कई गवाहों को परीक्षित कराया गया। साथ ही बैंक रिकॉर्ड, कॉल रिकॉर्डिंग, स्क्रीनशॉट, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की फॉरेंसिक रिपोर्ट एवं अन्य दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किए गए, जिनका न्यायालय द्वारा गहन परीक्षण किया गया।

न्यायालय ने अपने विस्तृत निर्णय में यह पाया कि अभियुक्त गौरव गुप्ता व सौरभ गुप्ता के विरुद्ध धोखाधड़ी और आपराधिक धमकी के आरोप प्रमाणित हुए हैं। अदालत ने उन्हें संबंधित धाराओं में दोषसिद्ध करते हुए 7-7 की सजा एवं अर्थदंड से दंडित किया। अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध भी आरोपों के अनुरूप दंडादेश पारित किए गए।

अदालत ने अपने निर्णय में यह भी स्पष्ट किया कि डिजिटल माध्यमों का दुरुपयोग कर किसी महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाना गंभीर अपराध है।

## आयारपाटा क्षेत्र में तेंदुए सीसीटीवी कैमरे में कैद

**नैनीताल** । नैनीताल व आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों तेंदुओं की दस्तक बढ़ गई है। अब नैनीताल के आयारपाटा क्षेत्र में दो तेंदुए सीसीटीवी कैमरों में कैद हुए हैं। वन विभाग की ओर से भी सूचनाओं के बाद क्षेत्र में तेंदुओं की दस्तक पर नजर रखी जा रही है।

बता दें कि कुछ दिनों से नैनीताल व आसपास के क्षेत्र में तेंदुओं के दिखने और कई मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं सामने आई हैं। कई बार तेंदुओं को सीसीटीवी में देखा गया है। इधर नैनीताल के आयारपाटा क्षेत्र में एक बार फि र दो तेंदुओं को सीसीटीवी में टहलते हुए देखा गया है। तेंदुओं के टहलने का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। कई लोगों के लिए क्षेत्र में तेंदुओं का दिखना रोमांचक है लेकिन कई लोग आवासीय क्षेत्र में तेंदुओं की घूसपैठ से डरे हुए हैं। लोगों ने वन विभाग से क्षेत्र लगातार गश्त की मांग की है। मामले में नैनीताल वन प्रभाग के नगर पालिका वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी ललित मोहन कार्की ने बताया कि क्षेत्र में सूचना के बाद गश्त की जा रही है, साथ ही लोगों को देर शाम घर से बाहर न निकलने और लाइट जलाकर रखने की अपील की गई है।

# उत्तरी गौला वन क्षेत्र प्यूड़ा में वनागनि और मानव वन्य जीव संघर्ष के बारे में चला जन जागरुकता अभियान

**धारी**

हमारे संवाददाता

उत्तरी गौला वन क्षेत्र के प्यूड़ा अनुभाग अन्तर्गत आरोही संस्था द्वारा चलाये जा रहे विद्यालय में वनागनि और मानव वन्य जीव संघर्ष के बारे में वन क्षेत्राधिकारी उत्तरी गौला विजय चंद्र भट्ट द्वारा विद्यार्थियों और गुरुजनों को विस्तार पूर्वक बताया।

इस मौके पर वन क्षेत्राधिकारी भट्ट द्वारा वनाग्नि से पर्यावरण को हो रहे नुकसान के बारे में बच्चों से चर्चा करी और यदि कहीं जंगलों में आग लगी दिखाई दे तो उसे नियन्त्रण करने हेतु अपने घर में अपने माता.पिता और अन्य वयस्कों से विभाग के साथ नियन्त्रण करने में सहयोग करने हेतु उन्हें प्रोत्साहित करने को बताया गया।

श्वनाग्नि और मानव वन्य जीव संघर्ष एक दूसरे से किस तरह जुड़े हुए हैं इस बारे में विद्यार्थियों को बताया गया। श्वनाग्नि के कारण किस तरह वन्य जीव अपने बचाव



हेतु आबादी की ओर आने को मजबूर हो जाते हैं और अचानक आमना सामना होने पर मानव.वन्य जीव संघर्ष की स्तिथि उत्पन्न हो जाती हैजिस हेतु वन क्षेत्राधिकारी भट्ट द्वारा वनाग्नि रोकथाम हेतु आवश्यक जानकारी दी और मानव वन्य जीव संघर्ष से बचाव हेतु कया करें तथा कया न करें की जानकारी दी। गोष्ठी में वन क्षेत्राधिकारी विजय चन्द्र भट्ट के साथ अनुभाग अधिकारी प्यूड़ा बृजेश विश्वकर्मा समेत वन बीट अधिकारी प्यूड़ा वीरपाल सिंह व कपिलेश्वर, बिपिन बिष्ट, पंकज सिंह, हरेंद्र अधिकारी, रोहित सिंह वाहन चालक मनोज कैड़ा आदि उपस्थित रहे।

# फिल्मी दुनिया

## सुनील शेट्टी ने भारत-पाकिस्तान टी20 मैच को लेकर दिया चौंकाने वाला बयान



*सुनील शेट्टी अभिनय के अलावा क्रिकेट में भी गहरी रुचि रखते हैं। अभिनेता के दामाद केएल राहुल भी एक जाने-माने क्रिकेटर हैं। पाकिस्तान के टी20 वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ ना खेलने के फैसले के बीच सुनील शेट्टी ने बड़ा बयान दिया है।*

*टी20 वर्ल्ड कप को लेकर को एक तरफ फैंस उत्साहित हैं, वहीं एक कंट्रोवर्सी भी चर्चा में हैं। पाकिस्तान ने साफ कहा है कि वह टी20 वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ मैच नहीं खेलेगा। पाकिस्तान बाकी मैच भी श्रीलंका में खेल रहा है। इस वर्ल्ड कप का आयोजन संयुक्त रूप से श्रीलंका और भारत कर रहे हैं। पाकिस्तानी टीम के इसी फैसले के बीच सुनील शेट्टी ने बड़ी बात कह दी है। शुक्रवार को सुनील शेट्टी मुंबई में एक बुक लॉन्च इवेंट में शामिल हुए। यहां पर उन्होंने टी20 वर्ल्ड कप को लेकर एक स्टेटमेंट दिया है। वह कहते हैं, 'मैं चाहूंगा कि पाकिस्तान, श्रीलंका में आकर खेले। ना खेलने से क्या हो जाता है। भारत और पाकिस्तान की एक बहुत अच्छी राइवलरी है। बिल्कुल वैसी ही राइवलरी जैसी ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड टीम के बीच एशेज में होती है।' इस तरह सुनील शेट्टी की इच्छा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच मैच हो। बताते चलें कि पाकिस्तान सरकार ने फैसला लिया है कि उनकी टीम भारत के साथ टी20 में मैच नहीं खेलेगी। इस फैसले को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड फॉलो कर रहा है। अब देखना होगा कि आगे इस मामले में क्या होता है।*

### करियर फ्रंट पर

*सुनील शेट्टी के करियर फ्रंट की बात करें तो वह 'हेरा फेरी 3' को लेकर चर्चा में हैं। इसके अलावा वह एक फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में नजर आएंगे। पिछले साल सुनील शेट्टी की एक फिल्म 'केसरी वीर' भी रिलीज हुई थी, इसमें उन्होंने एक योद्धा का रोल किया था। अपने देश की टीम को उन्होंने टी20 मैचों के लिए शुभकामनाएं दी हैं। वह कहते हैं, भारतीय क्रिकेट टीम जैसा खेलती आ रही, वैसा ही खेलेंगी तो हम जरूर जीतेंगे।*

# भवाली में हुआ गोमुख कांवड़ समिति की महाशिवरात्री कांवड़ यात्रा का स्वागत

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

गोमुख कांवड़ समिति के बैनर तले शुरू हुई सत्रहवीं पद महाशिवरात्री कांवड़ यात्रा का शुक्रवार को भवाली में टीम शीलू कुमार ने हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया।

विधानसभा चुनावों की तैयारी में जुटे युवा नेता शीलू कुमार की टीम ने कांवड़ियों का फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत करते हुए उनकी धर्मनिष्ठा की सराहना की। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर यह कांवड़ टोली हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गंतव्य नीलकंठ नर्मदेश्वर मंदिर, जजूली (नीलकंठ) पहुँचेगी। यात्रा का नेतृत्व महेंद्र सिंह फ र्त्याल कर रहे हैं।

टीम शीलू कुमार ने इस अवसर पर कांवड़ियों को सममानित किया और उनकी सुरक्षित यात्रा की कामना की इस दौरान पवन रावत, कबीर साह, तनुजा कनवाल, मनीष तथा जगदीश व तरुण मौजूद रहे।



## News कॉर्नर

### अज्ञात वाहन की टक्कर ने बुझा दिया एक शांत जीवन का दीप

**हल्द्वानी।** नगर के लिए यह खबर किसी सदमे से कम नहीं है। 66 वर्षीय शिवराज सिंह राणा,निवासी सितारगंज जिन्होंने वर्षों तक डाक विभाग में सेवा देकर ईमानदारी से अपना कर्तव्य निभाया, एक दर्दनाक सड़क हादसे का शिकार हो गए। एक अज्ञात वाहन की टक्कर ने उनके जीवन की रफ्तार अचानक थाम ली। हादसे में गंभीर रूप से घायल शिवराज सिंह राणा को परिजन तुरंत नैनीताल रोड स्थित एक निजी चिकित्सालय ले गए। हर संभव इलाज किया गया, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घर में मातम पसरा है, आंखें नम हैं और हर चेहरा एक ही सवाल पूछ रहा है—क्या एक जिम्मेदार नागरिक की जिंदगी इतनी सस्ती थी ? सेवानिवृत्त डाककर्मी शिवराज सिंह राणा अपने सरल स्वभाव और ईमानदार जीवन के लिए जाने जाते थे। उनके असमय चले जाने से न सिर्फ परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

### घर से बिना बताए लापता किशोरी का नहीं लगा पता

**रुद्रपुर।** कोतवाली ट्रांजिट कैंप पुलिस ने घर से बिना बताए गई किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। ट्रांजिट कैंप पुलिस के मुताबिक मूल निवासी-ग्राम सिधोली थाना मीरगंज जिला बरेली यूपी निवासी एक महिला ने बताया कि 4 फरवरी 2026 को सुबह 11 बजे उसकी की पुत्री घर से बिना बताये कही चली गयी। अभी तक घर पर बापस नही लौटी। काफी तलाश की, लेकिन किशोरी का पता नहीं चला। पुलिस ने किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल में पर्यावरणीय सततता पर प्रभावशाली संगोष्ठी

**भीमताल**

हमारे संवाददाता

ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर में शिप्रा कल्याण समिति के सहयोग से पर्यावरणीय सततता एवं जिममेदार संसाधन प्रबंधन विषय पर एक प्रभावशाली संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों, शिक्षाविदों एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता कर वर्तमान समय की गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों पर व्यावहारिक और जमीनी समाधानों पर मंथन किया। इससे पूर्व संगोष्ठी का शुभारंभ ग्रीन वेलकम के साथ किया गया जिसमें अतिथि वक्ताओं को पौधे भेंट कर विश्वविद्यालय की ओर से पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की



गई तकनीकी सत्र में प्रख्यात पर्यावरण विशेषज्ञ लाल सिंह चौहान (सेवानिवृत कृषि अधिकारी एवं शिप्रा कल्याण समिति के तकनीकी सलाहकार) तथा जगदीश नेगी (अध्यक्ष शिप्रा कल्याण समिति, सदस्य जिला गंगा संरक्षण समिति एवं स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर भवाली) ने अपने व्यापक क्षेत्रीय एवं नीतिगत अनुभव साझा किए। वक्ताओं ने जल प्रबंधन को पर्यावरणीय मजबूती का प्रमुख आधार बताते हुए स्थल पर जल संरक्षण, रन ऑफ प्रबंधन संरचनाएं, कंटूर ट्रेंचिंग जैसे उपायों पर प्रकाश डालाए जो पर्वतीय क्षेत्रों में भूजल पुनर्भरण एवं मृदा संरक्षण में सहायक हैं। लाल सिंह चौहान ने असिस्टेड नेचुरल रीजेनेरेशन की भूमिका पर विस्तार से चर्चा करते हुए क्षतिग्रस्त वनों के पुनर्जीवन और स्थानीय जैव विविधता संरक्षण में समुदाय की भागीदारी के महत्व को रेखांकित किया,वहीं जगदीश नेगी ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर अपने विचार रखते हुए स्रोत पर कचरा पृथक्करण, इको ब्रिकस तथा प्लास्टिक अपसाइलिंग जैसे व्यावहारिक और विस्तार योग्य समाधानों को प्रस्तुत कियाए जिससे सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा मिल सके। कार्यक्रम का समापन नदी पुनर्जीवन पर आधारित एक डाक्यूमेंट्री प्रदर्शन तथा संवादात्मक सत्र के साथ हुआए जिसमें विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से वास्तविक पर्यावरणीय समस्याओं पर प्रश्नोत्तर किए् समापन सत्र में भीमताल परिसर के निदेशक ने अतिथि वक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए उनके व्यावहारिक अनुभवों से सीखने के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम के अंत में शिप्रा कल्याण समिति एवं सभी अतिथियों के प्रति औपचारिक धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# उत्तराखंड की वर्तमान मिनरल पालिसी, समाज, उद्योग और प्रदेश के हित में सबसे बेहतरीन पालिसी

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के प्रसिद्ध उद्योगपति समाजसेवी एवं कुमार ग्रुप ऑफ



इंडस्ट्रीज के स्वामी शिवकुमार अग्रवाल ने मीडिया के सामने उत्तराखंड में खनन, पर्यटन पर खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि मेरी उम्र 75 वर्ष है, मुझे अपनी व्यापारिक लाइफ का 60 वर्षों यानि 1966 से आज तक का व्यावसायिक अनुभव है।

एलएससी ग्रुप पिछले 35 वर्षों से उत्तराखंड में मिनरल एवं माइनिंग सेक्टर में कार्य कर रही हैं। कंपनी एशिया की सबसे बड़ी मिनरल प्रोसेसिंग कंपनी है। उन्होंने बताया कि देश के उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, आंध्र प्रदेश समेत 10 यूनिट हैं। देश में हमारी कुल 16 व्यापारिक इकाई है और 2000 सदस्यों की हमारी पारिवारिक प्रोफेशनल पार्टनर की संस्था है। आजकल समाज में, उत्तराखंड की मिनरल पॉलिसी को लेकर जो आलोचना हो रही है, उसके संदर्भ में, यह कहना चाहता हूँ कि उत्तराखंड में, 35 वर्षों के अनुभव में यह पहली बार है कि विगत डेढ़ साल में खनन से उत्तराखंड सरकार को चार गुना राजस्व प्राप्त हुआ है, जो 300 से ब ?कर 1200 करो ? हो गया है। जिसका उपयोग विकास कार्यों में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इससे पहले सरकार के विभागो/सिस्टम की कमजोरी से मिनरल की लीकेज और चोरी हो रही थी, जबकि स्टोन क्राशिंग इंडस्ट्री को कोई लाभ नहीं हो रहा था, क्योंकि उद्योगों को मुनाफा नहीं हो रहा था। उत्तराखंड स्टोन क्राशिंग इंडस्ट्री केवल समाज व व्यवस्था तथा बहुत सारे विभागों के लिये ही कार्य कर रहे थे। इसे ऐसे कहते है कि तेरे हाथों में पहनाकर चूडियाँ, मौज बंजारे ले रहे थे। लेकिन आज उत्तराखंड में स्टोन क्राशिंग की करीब 400 इकाईयां है जो राज्य का सबसे अधिक रोजगार देने वाला केवल एक मात्र ऐसा उद्योग है। जिससे लगभग 7 लाख परिवार के लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला हुआ है।

स टोन क्राशिंग उद्योग उत्तराखंड का सबसे बड़ा उद्योग है, इससे रॉयल्टी, फारेस्ट ट्रांजिट, जीएसटी, आयकर तथा आरटीओ टैक्स के मद में सरकार को प्रतिवर्ष लगभग 10000 करोड रूपये का राजस्व, सभी विभागो जीएसटी (4500 करोड रूपये), आबकारी (2300 करोड रूपये), आरटीओ (1600 करोड रूपये) से ज्यादा 10,000 करोड़ मिल रहा है।

टेंडर प्रक्रिया को अपनाने के लिए माईनिंग विभाग ने हमें संपर्क किया और कहा कि टेंडर प्रक्रिया में भाग लें, लेकिन हमने स्पष्ट रूप से मना कर दिया। कहा कि इस तरह की रॉयल्टी कलेक्शन प्रणाली से नहीं जु? सकते। यह एक बहुत कठिन कार्य है। प्रदेश के सीएम पुष्कर सिंह धामी और खनन विभाग की टीम ने इस सेक्टर में बहुत बड़ा रिफार्म करके समाज, उद्योग, रियासत के हित में बहुत अच्छी पालिसी बनायी है।

# नैनीताल में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के दूसरे चरण का प्रदर्शन आज

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद द्वारा 18 सूत्रीय मांगों के संबंध में चलाए जा रहे आंदोलन के द्वितीय चरण में शनिवार (आज) को जिलाधिकारी कार्यालय नैनीताल में धरना कार्यक्रम किया जाएगा।

परिषद के जिलाध्यक्ष असलम अली ने बताया कि परिषद द्वारा प्रथम चरण के अंतर्गत गेट मीटिंग कार्यक्रम 15 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक सफ लतापूर्वक चलाया गया। प्रांतीय नेतृत्व द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार शनिवार (आज) को00 सुबह 11 बजे से जिला धिकारी कार्यालय में धरना प्रदर्शन कार्यक्रम किया जाएगा। धरना प्रदर्शन के पश्चात जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के माध्यम से मुखयमंत्री को संबोधित 18 सूत्रीय मांग पत्र प्रेषित किया जाएगा। दूसरी ओर परिषद के प्रांतीय वरिष्ठ संरक्षक बहादुर सिंह बिष्ट ने परिषद के





**कार्यक्रम**

● बोल-राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पदाधिकारी

सभी घटक संगठनों एवं अन्य राज्य कर्मचारी संगठनों से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में प्रतिभाग कर अपना योगदान प्रदान करें।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कर्मचारियों की 18 सूत्रीय मांगों के समर्थन में विगत तीन सप्ताह से चलाए जा रहे आंदोलन के पश्चात भी अभी तक सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया है जिससे प्रदेश भर के कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त हो रहा है।

# वन विभाग ने नलैना पटवाड़ागर क्षेत्र के 10 हेकटेयर में किया प्लांटेशन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

वन विभाग की ओर से नलैना पटवाड़ागर क्षेत्र में 10 हेकटेयर में किया गया प्लांटेशन फ ल-फूल रहा है। प्लांटेशन में लगाए गए बांस, मेहल, तुन, दाड़िम,घिंघारू तथा काफल के पौंधे फ ल फूल रहे हैं जिससे पक्षियों की विभिन्न प्रजातियां यहां आ रही हैं। वहीं विभाग लगातार प्लांटेशन को बचाने के लिए सुरक्षा कार्य में जुटा हुआ है।

बता दें कि वर्ष 2022 में वन विभाग की ओर से नैनीताल वन प्रभाग के तहत मनोरा रेंज के पटवाडांगर नलैना क्षेत्र की 100 हेकटेयर भूमि पर प्लांटेशन किया। प्लांटेशन के दौरान विभाग की ओर से बांस, मेहल, तुन, दाड़िम तथा घिंघारू व काफ ल के पौंधे लगाए गए।

पौधों को जानवरों से बचाने के लिए क्षेत्र में तारबाड़ भी किया गया, साथ ही क्षेत्र में बारिश का पानी जमा करने के लिए विभाग की ओर से कई चारखाल भी बनाए गए। वहीं हर साल की वनाअग्नि से प्लांटेशन को बचाने के लिए विशेष प्रयास किए गए। जिसके चलते



पांच साल बाद प्लांटेशन के दौरान लगाए गए पौधे बड़े हो रहे हैं। वहीं क्षेत्र में पेड़ पौधों के चलते पक्षियों की कई प्रजातियां जैसे वुडपैकर, तीतर, बटेर, कलीज फ ेजेंट, फि ंच, मैगपाई, हिमालयन बुलबुल, उल्लू व इगल व डब समेत अन्य पक्षी यहां दिखाई दे रहे हैं। जिसको लेकर विभाग की ओर से लगातार क्षेत्र में नजर रखी जा रही है नैनीताल वन प्रभाग के मनोरा वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी मुकुल चंद्र शर्मा के मुताबिक क्षेत्र में प्लांटेशन के बाद लगातार नजर रखी जा रही है।

पौंधों के बढ़ने और चारखाल में बारिश के दौरान पानी जमा होने यहां पक्षियों की आवाजाही भी बढ़ रही हैं। जो पर्यावरण के लिए एक अच्छा संदेश है।

### भारत की छठी विश्वकप जीत पर खुशी जताई

**नैनीताल।** विश्व कप अंडर 19 क्रिकेट पर भारत की छठी विश्वकप जीत पर कूटा कुमाऊं विश्वविधालय शिक्षक संघ ने खुशी व्यक्त की है। कूटा ने उससे ऐतिहासिक क्षण बताया है जिससे देश गौरवान्वित हुआ है। कूटा की तरफ से प्रॉफ ललित तिवारी , डॉ नीलू , डॉ दीपक कुमार ,डॉ युगल जोशी ,डॉ संतोष कुमार ,डॉ कुबेर गिनती ,डॉ शिवांगी ,डॉ दीपिका गोस्वामी ,डॉ अनिल बिष्ट ,डॉ अशोक कुमार सहित एलुमनी सेल से डॉ बी एस कालाकोटी ,डॉ एस एस सामंत , डॉ रितेश साह ,ज्योति कांडपाल , डॉ मीना पांडे ने खुशी व्यक्त की है ।

# हाईकोर्ट ने लगाई निविदा का वर्क ऑर्डर जारी करने पर रोक

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने लोक निर्माण विभाग द्वारा नैनीताल जिले के तहत गौला गेट हल्दूचौड़ में सड़क निर्माण के कार्य हेतु सुरेश चंद्र बजेठा के टेंडर को तकनीकी आधार पर रिजेकट किये जाने के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई के बाद निविदा का वर्क ऑर्डर जारी करने पर रोक लगाते हुए विभाग व सरकार से जबाव मांगा है । मामले की सुनवाई अवकाश कालीन न्यायाधीश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की एकलपीठ में हुई । याचिकाकर्ता सुरेश चंद्र बजेठा के



मुताबिक लोक निर्माण विभाग ने उनकी तकनीकी निविदा को गलत तथ्यों के आधार पर अस्वीकार किया है । हाईकोर्ट ने इस मामले में लोक निर्माण विभाग से फिलहाल सफ ल निविदादाता को वर्क ऑर्डर जारी न करने के निर्देश देते हुए जबाव दाखिल करने को कहा है ।

# एसएसपी डॉ. मंजुनाथ टी.सी. के निर्देशन में नैनीताल पुलिस का देर रात सघन चेकिंग अभियान

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

जनपद में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने, जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराए जाने के उद्देश्य से एसएसपी नैनीताल डॉ. मंजुनाथ टी.सी. के निर्देशन में नैनीताल पुलिस द्वारा देर रात व्यापक सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस अभियान का संचालन एसपी नैनीताल डॉ. जगदीश चंद्र एवं एसपी सिटी हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल के मार्गदर्शन में तथा समस्त क्षेत्राधिकारियों के पर्यवेक्षण में किया




गया। जनपद के सभी थाना प्रभारियों एवं पुलिस टीमों द्वारा चौक-चौराहों, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों एवं संवेदनशील स्थानों पर सघन चेकिंग की गई।

अभियान के दौरान 135 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई, जिनमें से 46 लोगों के विरुद्ध पुलिस एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए 11,250 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

वहीं, 217 वाहनों की चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 189 वाहन चालकों के चालान किए गए तथा 32,000 रुपये संयोजन शुल्क जमा कराया गया। इसके अतिरिक्त 09 वाहनों को सीज किया गया।

**नैनीताल पुलिस की अपील:** पुलिस ने आमजन से यातायात नियमों का पालन करने तथा अपने आसपास किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल डायल 112 या नजदीकी पुलिस थाने को देने की अपील की है।